आवश्यक

पंचायत आम चुनाव, 2021

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या - पं.नि. 30-103/2021 - 3132

प्रेषक,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी -सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
रोहतास, कैमूर, पश्चिम चम्पारण, गया,
मधुबनी, किशनगंज, बाँका एवं जमुई।

पटना, दिनांक - 18.9.21

विषय : पंचायत आम निर्वाचन, 2021 : कम्युनिकेशन शैडो जोन अन्तर्गत नेटवर्क की व्यवस्था बहाल कराने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचायत आम निर्वाचन, 2021 में मतदान के दिन बायोमैट्रिक्स के साथ आधार द्वारा मतदाताओं का सत्यापन किया जाना है। इस कार्य तथा मतदान दल के साथ कम्युनिकेशन स्थापित करने हेतु मतदान केन्द्रों पर नेटवर्क कनेक्टिवीटी का होना आवश्यक है। इस क्रम में निम्नलिखित जिलों से कम्युनिकेशन शैडो जोन चिह्नित कर प्राप्त हुये हैं, जिसका विवरण निम्नवत है :-

क्रमांक	जिला का नाम	मतदान केन्द्रों की संख्या जो शैडो जोन के अन्तर्गत है
1.	रोहतास	10
2.	कैमूर	80
3.	पश्चिम चम्पारण	30
4.	गया	14
5.	मधुबनी	05
6.	किशनगंज	04
7.	बाँका	01
8.	जमुई	07
	कुल	151

उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा निदेश दिये गये हैं, जो निम्नवत् हैं :-

(क) ऐसे क्षेत्रों में कम्युनिकेशन की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् वायरलेस सैट/सेटेलाइट फोन की व्यवस्था की जाय।

(ख) Airtel/GEO नेटवर्क वहाँ कार्य करता है या नहीं, इसकी जानकारी प्राप्त की जाय।

(ग) BBNL/BSNL/CSC के साथ बैठक/समन्वय स्थापित कर नेटवर्क ठीक रहने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom
D:\pm5\P_E_Meterial_21/77

19.9.21

उक्त सन्दर्भ में आयोग के पत्रांक 3387 दिनांक 31.08.2021 द्वारा BBNL/BSNL/CSC को नेटवर्क कनेक्टिवीटी उपलब्ध कराने हेतु सहयोग प्रदान करने का निदेश दिये गये हैं।

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं कृत कार्रवाई से आयोग को अवगत कराया जाय।

विश्वासभाजन,

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि. 30-103/2021 - 3932 पटना, दिनांक - 15.9.21

प्रतिलिपि, आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि. 30-103/2021 - 3932 पटना, दिनांक - 15.9.21

प्रतिलिपि, प्रमंडलीय आयुक्त, पटना, तिरहुत, मगध, पूर्णियाँ, भागलपुर एवं मुंगेर प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि. 30-103/2021 - 3932 पटना, दिनांक - 15.9.21

प्रतिलिपि, प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

D:\pm5\P_E_Meterial_21/78